




नवभारत
भोपाल, शनिवार 22 अगस्त, 2026

# जैसीनगर अस्पताल की कायाकल्प होगी

## मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान कार्यक्रम के तहत जैसीनगर में खंड स्तरीय शिविर में खाद्य मंत्री ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के अंतर्गत जैसीनगर में खंडस्तरीय जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि जनवरी 2027 तक चलने वाली एक निरंतर प्रक्रिया है, हर शुक्रवार को आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि जनहितैषी योजनाओं में लापरवाही के लिए कोई स्थान नहीं है. आयुष्मान कार्ड, संबल योजना और पीएम



आवास जैसी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि जैसीनगर अस्पताल को 20 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ कायाकल्प किया जाएगा. उन्होंने शासकीय कॉलेज एवं सांदीपनि विद्यालय के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शिक्षा को सुदृढ़ होने की बात भी कही. आज रासायनिक खादों के उस जहर से बचना होगा जो हमारी धरती को बंजर बना रहा है. देशी पद्धति और प्राकृतिक खेती ही भविष्य है, यही शुद्धता और समृद्धि का एकमात्र मार्ग है.

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से लंबित आवेदनों और शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त नामांतरण, सीमांकन, कब्जा, पीएम आवास, बिजली बिल, पेयजल, राशन एवं मरम्मत से जुड़ी सभी शिकायतों का अनिवार्य रूप से 7 दिनों के भीतर निराकरण किया जाए. पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन जनता की सुरक्षा और सहायता के लिए सदैव संवेदनशील रहा है. एसपी श्री सुजानिया ने बताया कि डायल 112 के आंकड़ों के आधार पर देखने में आया है कि घरेलू हिंसा और महिलाओं पर होने वाले अपराधों में वृद्धि हुई है जिसके लिए डायल 112 पर फोन आते हैं. एक ओर जहां पुलिस आपकी हर समस्या के निराकरण के लिए हमेशा तत्पर है वहीं दूसरी ओर यह भी आवश्यक कहना है कि हम जिस सामाजिक व्यवस्था में रहते हैं वहां इस प्रकार के मामलों का बढ़ना और रोजमर्रा के जीवन में ऐसे प्रकरणों का सामने आना अच्छा संकेत नहीं है. हमें न केवल ऐसे मामलों पर रोक लगाने चाहिए बल्कि कई ऐसे मामले अपने समाज, अपने परिवार के स्तर पर ही सुलझाने चाहिए जिनमें पुलिस का ज्यादा कोई कार्य नहीं रहता. शैक्षणिक संस्थानों के आसपास असामाजिक गतिविधियों पर भी अंकुश लगाया जा रहा है, ताकि समाज इतना मजबूत हो सके कि पुलिस की आवश्यकता कम से कम पड़े. कृषि संवाद के दौरान स्थानीय किसान देवेंद्र पांडे ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला. कैसे उन्होंने बिना किसी रासायनिक खाद के अपनी उपज को बढ़ाया और उसे पूर्ण रूप से प्राकृतिक रखा.

# तहसील भवन की गुणवत्ता को लेकर सवाल

## विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र, उच्च स्तरीय समिति कराएं जांच

नवभारत न्यूज

**बीना 21 अगस्त. लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवीन अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय की निर्माण गुणवत्ता को लेकर विधायक एड. निर्मला सप्रे के तेवर तीखे हो गए हैं।**

नवनिर्मित शासकीय भवन में छत से पानी टपकने, सीलन आने और दीवारों में दरारें पड़ने की शिकायतों को विधायक ने गंभीरता से लेते हुए पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। विधायक ने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की जांच समिति गठित करने की मांग की है। विधायक ने कहा है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किए गए किसी नवनिर्मित शासकीय भवन में यदि निर्माण के बाद ही इस तरह की समस्याएं सामने आती हैं, तो यह निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने भवन में सामने आई शिकायतों को महज सामान्य समस्या मानने के बजाय इसकी तकनीकी जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है। नवीन भवन में छत से पानी टपकने, सीलन और दीवारों में दरारें आने की शिकायतें सामने आई हैं।

विधायक ने पत्र में कहा कि नवनिर्मित शासकीय भवन में इस प्रकार की खामियां सामने आना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इस भवन की निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग (भवन शाखा) है.

विधायक एड. निर्मला सप्रे ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की जांच समिति गठित की जाए. समिति द्वारा भवन का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य में इस्तेमाल सामग्री, निर्माण की गुणवत्ता और सामने आई कमियों की तकनीकी स्तर पर जांच की जाए. विधायक ने यह भी स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान यदि निर्माण कार्य में कमियां पाई जाती हैं तो संबंधित ठेकेदार, निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए. भवन में मौजूद कमियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तत्काल दूर कराने की मांग भी की गई है. विधायक का कहना है कि जनता के पैसों से निर्मित शासकीय भवनों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए.

## एक नजर में



### विवि कुलपति से आरबीआई जीएम की भेंट

**सागर.** डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के पुरा छात्र श्री हेमंत सोनी ने कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर से सौजन्य भेंट की. श्री सोनी आरबीआई भोपाल में जी एम पद पर कार्यरत हैं. उन्होंन छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया, विभाग और विवि के वर्तमान प्रगति पर चर्चा भी की.




### महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण हुआ

**राहतगढ़.** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। प्राचार्य प्रियांशी राजोरिया ने कहा कि केवल पौधा लगाना नहीं, बल्कि उसके बड़े होने तक उसकी सुरक्षा और देखभाल के प्रति लोगों को जागरूक करना है। पेड़ जीवनदायी होते हैं, और एक माँ की तरह, वे अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ भरत पटेल एवं ऋतु व्यास ने कहा कि माँ के सम्मान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण को बढ़ाना और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्या से निपटना है। इस मौके पर संदीप जैन, आशीष रैकवार, श्रीकांत रिंगे, अपर्णा दुबे, निधि नागईच, रश्मि जैन, निमिता जैन, दीपशिखा नेमा, अनीता मालवीय, पवन कोरी, लखन पटेल, अजय पटेल, संजय पटेल उपस्थित रहे।



### भूगोल विभाग में वसुधा जिओ क्लब का गठन

**सागर.** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय भूगोल में विभाग में छात्रा क्लब वसुधा जिओ क्लब के द्वारा भारतीय मानसून की उत्पत्ति एवं क्रियाविधि विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने बताया कि भारतीय जनमानस के उदर पोषण में मानसून सक्रिय भूमिका का निर्वहन करता है, मानसून की सक्रियता से भारतीय मौसम, जलवायु,कृषि आदि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विभागाध्यक्ष शिवम दुबे ने बताया कि मानसून की उत्पत्ति में जेट स्ट्रीम तिब्बत पठार की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में प्रीति विश्वकर्मा, खुशबू जैन,आस्था, प्रियंका लोधी, दीक्षा पाठक, मनप्रीत, नीलम, मुस्कान आदि ने भी अपने विचारों से अवगत कराया।



### कबड्डी प्रतियोगिता में सागर-गुना टीम विजेता

**रहली.** ग्राम पंचायत काछी पिपरिया में पिपरिया कबड्डी लीग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला रहली रॉयल्स और ऑस्कर सागर के बीच खेला गया। मुकाबले में ऑस्कर सागर ने खेल का प्रदर्शन करते हुए रहली रॉयल्स को 20 अंकों के बड़े अंतर से पराजित किया और फाइनल का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 10 हजार रुपए नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला गुना और सागर की टीमों के बीच हुआ। इसमें सागर की महिला टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हुए गुना को 18 अंकों से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। दोनों फाइनल मुकाबलों में रेफरी की भूमिका हाकम सिंह ठाकुर एवं रामस्वरूप सेन ने निभाई।

# राशन दुकान का निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभ पाल ने जैसीनगर क्षेत्र का भ्रमण किया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन दुकान का निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही राशन सामग्री एवं दुकान की व्यवस्थाओं को देखा।**

कलेक्टर श्रीमती पाल ने राशन दुकान में पीडीएस सिस्टम के अंतर्गत संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ई-पॉस मशीन की कार्यप्रणाली, राशन वितरण की प्रक्रिया तथा पात्र हितग्राहियों को मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राशन का गोदाम एवं भंडारण व्यवस्था भी देखी। राशन कार्डधारियों से संबंधित अभिलेखों और पात्र हितग्राहियों को दिए जा रहे राशन की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने राशन दुकान पर लगी तौल मशीन का भी निरीक्षण किया।

# वक्फ संपत्ति सुरक्षा को लेकर अध्यक्ष से चर्चा

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और उनके समाजहित में बेहतर उपयोग को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष हैदर राईन ने वक्फ बोर्ड कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनव्वर पटेल से सौजन्य भेंट की।**

जिले की वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, उनके व्यवस्थित प्रबंधन और जनोपयोगी कार्यों में इस्तेमाल को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। श्री राईन ने कहा कि वक्फ संपत्तियां समाज की महत्वपूर्ण धरोहर हैं, इसलिए



इनकी सुरक्षा के साथ इनका सदुपयोग भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। उन्होंने वक्फ संपत्तियों पर स्कूल शिक्षा की सुविधाएं विकसित करने का सुझाव रखा, जिससे बच्चों को शिक्षा उपलब्ध हो सके। महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषय को भी उठाया गया।

श्री राईन ने वक्फ संपत्तियों के माध्यम से महिलाओं के लिए प्रसूति अस्पताल जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में वक्फ संपत्तियों का उपयोग होने से इसका सीधा लाभ समाज के जरूरतमंद वर्ग को मिल सकता है। श्री राईन ने जिले की वक्फ संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए प्रभावी निगरानी और बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि संपत्तियों का संरक्षण करते हुए उन्हें समाज के विकास से जोड़ा जाना चाहिए।

## आशीष कुमार एसडीएम

**बीना.** 2024 बैच के आईएएस अधिकारी आशीष कुमार को बीना का नया एसडीएम नियुक्त किया है. रिफाइनरी विस्तार को देखते हुए अहम नियुक्त रिफाइनरी के विस्तार, औद्योगिक गतिविधियों में तेजी और क्षेत्र की बढ़ती प्रशासनिक जरूरतों को देखते हुए राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है. रिफाइनरी विस्तार परियोजना, भूमि संबंधी मामले, निवेश और औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अनुभवी प्रशासनिक व्यवस्था जरूरी थी. स्थानीय स्तर पर इस नियुक्ति को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

# धनौरा मंडल में मासिक बैठक संपन्न हुई

नवभारत न्यूज

**खुरई 21 अगस्त. भाजपा धनौरा मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश एवं पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन हुआ।**

खुरई विधानसभा के धनौरा मंडल की बूथ एवं शक्तिकेन्द्र बैठक मण्डल महामंत्री पुष्पेंद्र सिंह बछऊ के रजवांस मार्ग(मुड़िया फार्म) खुरई पर मासिक बैठक हुई, जिसके मुख्य अतिथि जिला मंत्री एवं धनौरा मण्डल प्रभारी हरिशंकर कुशवाहा रहें। अध्यक्षता



मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह राजपूत ने की। बूथ अध्यक्ष रामबाबू सिंह ने वर्गगीत गाया, मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह ने पार्टी के कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। शक्ति केन्द्र पदाधिकारियों ने भी बात रखी। मुख्य अतिथि हरिशंकर कुशवाहा ने संबोधित किया। संचालन राजाभाई धांगर, संयोजक राघवेंद्र सिंह ने आभार माना। बैठक में अर्जुन अहिरवार,माधव सिंह, देवी सिंह लोधी, रंजीत सिंह, सौरभ सिंह,सरदार सिंह, रज्जन सिंह, जगदीश सिंह, राकेश सिंह, उदय सिंह, पप्पू दुबे मौजूद थे।

## योगा प्रतियोगिता आज

**सागर.** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 22 अगस्त को लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल स्कूल मकरोनिया में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन संतोष जैन चेयरमैन बीटी ग्रुप के मुख्य आतिथ्य तथा सुनील देव के विशिष्ट आतिथ्य में किया जा रहा है। एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार साव ने बताया कि प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग में 10 से 14 वर्ष तक सब जूनियर, 14 से 18 वर्ष तक जूनियर, 18 से 28 वर्ष तक सीनियर आयु वर्ग में मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन तथा योगासन भारत के नियमों के अनुसार आयोजित होगी।

# शालिनी बनी एनसीसी ऑफिसर

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती शालिनी जैन ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, ग्वालियर में आयोजित प्रशिक्षण पूर्ण किया।**

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संबंधित विभिन्न विषयों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास, मानचित्र अध्ययन, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, योग, एनसीसी संगठन एवं प्रशासन सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल रहीं। श्रीमती



शालिनी जैन की उपलब्धि पर संभागीय उपायुक्त सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि 45 दिवसीय कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करना गौरव की बात है. प्राचार्य महेश सोनी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने भी बधाई दी। प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक पूर्णता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

# घर की बात घर तक ही रहे, बेघर न हो : मुनिश्री निरीह सागर

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. भाग्योदय तीर्थ में विराजमान मुनिश्री निरीह सागर महाराज ने सामाजिक जीवन में कहा कि घर की बात घर तक ही रहनी चाहिए, उसे बेघर नहीं करना चाहिए.**

उन्होंने कहा कि परिवार की निजी बातों को इधर-उधर बताने से समस्या समाप्त नहीं होती, बल्कि एक घर की बात दूसरे और फिर तीसरे घर तक पहुंचते-पहुंचते बड़ी समस्या का रूप ले लेती है।

मुनि श्री ने कहा कि विशेष रूप से धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में ऐसी बातों को आगे बढ़ाने से बचना चाहिए। मंदिर में जब अनेक लोग एकत्रित होते हैं, तब किसी के परिवार की निजी बात चर्चा का विषय बन जाए और संयोग से संबंधित व्यक्ति के सामने ही वह बात पहुंच जाए तो उसके मन को कितना आघात पहुंचेगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। इसलिए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रेरणा को स्मरण रखते हुए परिवार की बात परिवार की मर्यादा में ही रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति भी सजग रहना चाहिए। मुनि अपने सामने आने वाले श्रावकों को उनकी क्रियाओं और व्यवहार के माध्यम से पढ़ते हैं। जब उनसे पूछा गया कि वे बिना डायरी देखे प्रवचन कैसे कर लेते हैं, तो उनका उत्तर था कि वे सामने बैठे लोगों को ही डायरी मानकर उन्हें देखते-पढ़ते हैं और उसी के अनुरूप बोलते हैं।

## नवप्रवेशित छात्रों का सहयोग किया जा रहा

**सागर.** यूजीसी के नियमों के पालन में उद्यानिकी महाविद्यालय रहली में एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न पोस्टर, रंगोली, भाषण प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की गई। एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के गढ़ाकोटा थाना के श्री धुर्वे एवं ज्योति गोस्वामी ने छात्रों में अनुशासन के महत्व, यूजीसी के नियमों के अनुसार महाविद्यालय स्तर पर आंतरिक एंटी रैगिंग कमेटी के गठन, हेल्पलाइन नम्बर एवं विभिन्न बीएनएस की धाराओं के बारे में समझाया। महाविद्यालय प्रभारी अधिष्ठाता डॉ रश्मि पांडेय ने कहा कि छात्रों का महाविद्यालय में सहयोग होना चाहिए रैगिंग नहीं। संचालन डॉ पारूल मेहरा, आभार डॉ पल्लवी सोनी ने माना।

# नागरिकों को समय पर राशन पहुंचाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं गुना के पूर्व सांसद डॉ. के.पी. यादव ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात सागर संभाग की अपनी पहली परिचयात्मक एवं समीक्षा बैठक ली।**

अध्यक्ष डॉ. के.पी. यादव ने अधिकारियों को अपनी कार्यक्षमता (एफिशिएंसी) बढ़ाने, फाइलों व निविदाओं का त्वरित निस्तारण करने और बेवजह की पेंडेंसी को शून्य करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम की कार्यप्रणाली में पूरी



पारदर्शिता और कसावट लाई जाएगी तथा आम जनता तक गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न समय पर पहुंचे और शासकीय धन का कोई अपव्यय न हो, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में पूर्व वर्षों के भंडारित और खराब हुए अनाज के स्टॉक की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष ने खराब स्टॉक के निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाने और नियमानुसार मुख्यालय से पत्राचार कर त्वरित डिस्पोजल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लेखे अपडेट रखने और मैनपावर की समीक्षा में आउटसोर्सिंग के माध्यम से आवश्यकता से अधिक स्टाफ नियोजन की शिकायतों पर तुरंत रोक लगाने की बात कही।

# कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरु

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. मकरोनिया में बटालियन के पीछे स्थित वैदिक वाटिका में पवित्र श्रावण माह के अवसर पर विश्व एवं राष्ट्र कल्याण की भावना से गृहस्थ संत केशव गिरी महाराज के सानिध्य में सांसद डॉ. लता वानखेड़े द्वारा श्री शिव महापुराण कथा एवं असंख्य शिवलिंग निर्माण का आयोजन कराया जा रहा है।**

आयोजक वैदिक वानखेड़े ने बताया आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई। यात्रा भगवान श्री परशुराम मंदिर से प्रारंभ होकर जनकपुरी कॉलोनी स्थित राम दरबार मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद वैदिक वाटिका कथा स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर केशव गिरी महाराज ने कहा कि भगवान शिव ऐसे देवता हैं कि जिसने जहां बनाया, वहीं के हो गए और जिसने बनाया, उसी के हो गए। इसलिए भगवान राम, माता पार्वती, वायु देवता, अग्नि देव सहित सभी देवताओं ने शिवलिंगों का निर्माण कराया। शिवलिंग निर्माण से भगवान शिव की भक्त पर कृपा होती है और उसकी दशा व दिशा



दोनों बदल जाती हैं। उन्होंने कलश यात्रा और कलश के महत्व को समझाते हुए कहा कि कलश के अग्रभाग में भगवान नारायण, कंठ में भगवान शिव तथा तलहटी में भगवान ब्रह्मा और चारों वेदों का वास माना गया है।

उन्होने कहा कि कलश के बाहरी भाग में 33 कोटि देवताओं का वास होता है। इसलिए जो व्यक्ति कलश यात्रा में पहुंचकर कलश को मस्तक पर धारण करता है, मानो उसने समस्त तीर्थ और देवताओं को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। मान्यता है कि कलश रूपी भगवान के चरण मस्तक पर धारण करने से जीवन के पापों का नाश होता है और जीवन सार्थक होता है। कलश यात्रा में एक-एक कदम चलने से अनेक यज्ञों का फल सहज ही प्राप्त होता है। कलश यात्रा के समापन पर गुड्डू वानखेड़े ने कहा कि दादाजी की कृपा से उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ है।

कार्यक्रम में बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे, विधायक शैलेंद्र जैन की धर्मपत्नी श्रीमती अनुश्री जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती नीतू तिवारी, कुलपति अनिल तिवारी, श्रीमती प्रतिभा तिवारी, कुलदीप सिंह राठौर, उत्तम सिंह ठाकुर, अर्पित पांडे, राजेश केसरवानी, नरेश यादव, राजा रिछारिया, अभिषेक गौर, सुधांशु तिवारी, हेमंत पचौरी, इंजी. महेंद्र गोस्वामी मौजूद थे।

## काव्य गोष्ठी आयोजित

**ललितपुर.** काव्य साधना मंच के तत्वाधान में पूजन, विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी संपन्न हुई. अखिलेश मालवीय एवं हाकिम सिंह लोधी, विनोद शर्मा अध्यक्ष, सुदेश सोनी, वीरेन्द्र विद्रोही, कृष्ण कुमार पाठक, प्रबल प्रताप सिंह, पंकज अंगार, रविन्द्र दिवाकर, श्रीमति मंजू कटारे, बाल मुकुंद सोनी, आकाश जैन, सत्यनारायण शुक्ला, शैलेन्द्र सिंघई मौजूद रहे.

नव भारत
राहतगढ़ क्षेत्र में नवभारत समाचार पत्र की प्रति एवं समाचार तथा विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क: वीरेंद्र सिंह ठाकुर (संवाददाता) मो.9302493793